आकाशवाणी भोपाल

शाम के समाचार

दिनांक 27.05.2024 समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार...

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनावों की मतगणना की तैयारियों पर की समीक्षा बैठक ।

- जबलपुर में प्रशासन ने मनमानी राशि वसूलने वाले निजी स्कूलों से अभिभावकों को वापस कराए फीस के 81 करोड़ रुपए ।

- इंदौर में कल से शुरू होगा चार दिवसीय देवी अहिल्याबाई जयंती समारोह।

- नौतपा के तीसरे दिन आज भी भोपाल सहित प्रदेश के अधिकतर शहरों में भीषण गर्मी के साथ चली लू ।

-------------

मतगणना बैठक

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज लोकसभा चुनावों की मतगणना की तैयारियों के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन सहित प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर और 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी शामिल हुए।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतगणना से जुड़ी सभी तैयारियां और जरूरी व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंधन कर लें। सभी मतगणना कर्मियों एवं माइक्रो ऑब्जर्वर्स को अच्छी तरह से प्रशिक्षण दें, ताकि मतों की गणना में त्रुटि की कोई गुंजाईश न रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने प्रदेश के सभी जिलों में 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों

के बारे में भारत निर्वाचन आयोग को अवगत कराया। वीसी में भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार व डॉ. एस.एस. संधू भी उपस्थित थे।

जबलपुर स्कूल कार्यवाही

जबलपुर में कोर्स की किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य शिक्षण सामग्री के नाम पर अभिभावकों से मनमानी राशि वसूलने वाले निजी स्कूलों अभिभावकों को 81 करोड़ 30 लाख रुपए की फीस वापस कराई गई है। इन स्कूलों पर 22 लाख रुपए की पेनाल्टी भी लगाई है।

प्रशासन ने 51 लोगों के खिलाफ FIR भी दर्ज की है। स्कूलों के चेयरमैन, प्राचार्य, सीईओ, मैनेजर, सदस्य, एडवाइजर
समेत 20 लोग गिरफ्तार किए गए हैं।

गौरतलब है कि नया शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निजी स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए निर्देश दिए थे।

जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना और एसपी आदित्य प्रताप सिंह फेसबुक पर लाइव संवाद किया। दोनों ही अधिकारियों ने निजी विद्यालयों की फीस वसूली की जांच में आए तथ्यों की जानकारी दी।

बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान

भोपाल जिले में बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए 20 दिवसीय जागरूकता अभियान 20 मई से 9 जून तक चलाया जा रहा है. इस अभियान में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के समन्वय के साथ-साथ जिले में कार्यरत अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं का सहयोग भी लिया जा रहा है । भोपाल जिले में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए शहरी क्षेत्र के 15 स्थानों को चिन्हांकित किया गया है। इन हॉट स्पाट पर निगरानी के लिए महिला बाल विकास की क्षेत्रीय पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ अन्य विभागों से मिलकर

दल तैयार किया गया है। यह दल भिक्षावृत्ति करते पाये गये बच्चे और उनके परिजनों को उचित परामर्श देगा साथ ही डाटाबेस भी तैयार करेगा।

सेना इंडियन ऑयल

पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इंडियन ऑयल ने भारतीय सेना को हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली अत्याधुनिक बस प्रदान की हैं। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय और इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एस एम वैद्य की मौजूदगी में इंडिया गेट स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर आयोजित एक कार्यक्रम में इससे संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। इस पहल का उद्देश्य भारी वाहनों में हाइड्रोजन और बैटरी आधारित प्रौद्योगिकी को बढावा देना है। जनरल पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि सेना पर्यावरण के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए अपनी संचालन क्षमता बढाने के लिए नई प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

अहिल्याबाई समारोह

संस्कृति विभाग द्वारा इंदौर जिला प्रशासन के सहयोग से कल से 31 मई तक चार दिवसीय इंदौर में देवी अहिल्याबाई जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है । समारोह के पहले दिन कल शाम 7 बजे से साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में देवी अहिल्याबाई नगर गौरव सम्मान एवं राष्ट्रीय काव्य पाठ का आयोजन किया जायेगा। दूसरे दिन 29 मई को देवी अहिल्याबाई होल्कर के अवदान पर केन्द्रित प्रजाहित कारिणी महानाट्य का मंचन होगा। समारोह के अंत में 31 मई राजवाड़ा परिसर में आदरांजलि कार्यक्रम होगा.मौसम

नौतपा के तीसरे दिन आज भी भोपाल सहित प्रदेश के अधिकतर शहरों में भीषण गर्मी के साथ लू चली। भोपाल में आज दोपहर 2.30 बजे तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले

बीती रात पारा रिकॉर्ड 32 दशमलव 7 डिग्री पहुंच गया था। यह रात मई की सबसे गर्म रही।

मौसम विभाग का कहना है कि भोपाल में 40 साल में दूसरी बार ऐसी भीषण गर्मी पड़ रही है। रविवार को भी लू के थपेड़ों के बीच भोपाल में पारा 45 दशमलव 4 डिग्री तक पहुंच गया था। राजगढ़ प्रदेश में सबसे गर्म रहा। तब तापमान 46 दशमलव 8 डिग्री दर्ज किया गया। वहीँ, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में भी तापमान के तेवर तीखे रहे । गुना में में भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित है. यहाँ आज 47 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है. सीहोर में आज 45 डिग्री पारा होने से लोग परेशान रहे।

दीपा कर्माकर स्वर्ण पदक

दीपा कर्माकर ने उज्बेकिस्तान के ताशकंद में एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। 30 वर्षीय दीपा ने 13 दशमलव पांच छह-छह का औसत स्कोर प्राप्त कर यह जीत दर्ज की है।

यह पहली बार है कि किसी भारतीय जिमनास्ट ने एशियन चैंपियनशिप में किसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। वह रियो 2016 ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाली भारत की पहली महिला जिमनास्ट हैं।

हाकी

बेल्जियम के एंटवर्प में एफआईएच हॉकी प्रो लीग मुकाबले में भारत ने अपने चौथे मैच में अर्जेंटीना को चार के मुकाबले पांच गोल से हरा दिया है। हरमनप्रीत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल जबकि अरायजीत सिंह हुंदाल और गुरजंत सिंह ने एक-एक गोल किए। भारत का अगला मुकाबला 1 जून को जर्मनी से होगा।

प्रधानमंत्री साक्षात्कार

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य स्वदेशी प्रतिभा और रोजगार में वृद्धि को बढावा देना है। श्री मोदी ने एक समाचार एजेंसी को दिये गये साक्षात्कार में कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण-डीबीटी के जरिये लोगों को 38 लाख करोड रूपये से अधिक की राशि भेजी गयी। उन्होंने एजेंसियों की जांच का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य कतई बरदाश्त न करने की नीति पर आधारित है और साक्ष्य आधारित कार्रवाई सुनिश्चित करना है न की धारणा के अनुसार चलना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के हर फैसले के केंद्र में राष्ट्र प्रथम है।

समाचार संक्षेप में....

1. समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए अंतिम तिथि 20 मई से बढ़ा कर अब 31 मई तक का दी गई है। सीहोर में भी उपार्जन अवधि बढ़ा दी गयी है.

2. पन्ना कलेक्टर ने कल जल संसाधन विभाग के प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

3. आगर मालवा जिला पंचायत सभाकक्ष में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला आयोजित की गई ।

4. भोपाल कलेक्टर ने ध्वनि प्रदूषण के संबंध शासन द्वारा जारी निर्देशों का सख़्ती से पालन कराने के निर्देश देते हुए कहा कि इनका उल्लंघन करने वालों पर सभी एसडीएम, पुलिस प्रशासन का सहयोग लेकर कार्यवाही करें।

5. विदिशा में आज गणना सहायक, सुपरवाइजर एवं माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से दो बजे तक आयोजित किया गया.

6. कटनी में अवैध रूप से होटल, रेस्टोरेंट एवं मैरिज गार्डन संचालन करने के संबंध मे मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अब तक कुल 32 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया किया जा चुका है। और

7. बालाघाट नक्सल प्रभावित ग्राम सोनगूड्डा में एएनसी जांच शिविर आयोजित किया गया । शिविर में 86 एएनसी महिलाओं की लैब जांच की गई।

-----------------------------